school learning, non formal education and assistance to the disadvantaged alongwith physical amenities to be provided under the scheme of Environmental Improvement of Urban Slums (EIUS) through the formation of community groups. As per the reports available from the States/UTs, an expenditure of about Rs. 7.30 crores has been incurred on provision of such facilities under UBSP. The State Sector scheme of Environmental Improvement of Urban Slums seeks to provide basic physical amenities such as low cost water supply, drainage, sewerage community baths and latrines, paving and widening of streets and street lighting in identified slums. Since the beginning of the 7th Plan upto September 1991, about 125 lakh slum dwellers have been benefitted under the EIUS scheme.

दिल्ली प्रशासन के कर्मचारियों को आवासीय मकान

2666. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि यह निर्णय किया गया है कि दिल्ली प्रशासन के शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को आवासीय मकान का आवंटन नहीं किया जावेगा, यदि हां, तो यह निर्णय कब लिया गया था और इसके क्या कारण हैं ; और

(ख) क्या यह निर्णय किसी अन्य विभाग के कर्मचारियों पर भी लागू होगा यदि हां, तो इनका ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) और (ख) दिल्ली प्रशासन के शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को पूर्ण रूप से वारित करने का कोई ऐसा निर्णय नहीं लिया गया है, केवल दिल्ली प्रशासन के अन्तर्गत विभिन्न स्कूलों में कार्य कर रहे शिक्षकों/कर्मचारियों जिन्हें कभी भी सामान्य पूल से आवास आवंटन के लिए पात्र कार्यालयों की सूची में सम्मिलित नहीं किया गया था, को अब विशेष रूप से दिसम्बर 1991 में वारित कर दिया गया है ।

छापेखाने

2667. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के अधीन कितने छापेखाने हैं और उनमें "क" "ख" "ग" और "घ" श्रेणियों के कितने कर्मचारी/अधिकारी कार्यरत हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि दिसम्बर, 1984 तक जो रिक्तियां हुई थीं उन्हें भर्ती पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबन्ध न होने के बावजूद अब तक नहीं भरा गया है ; और

(ग) सरकार को इस के कारण औद्योगिक उत्पादन में हुई हानि का ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) इस मंत्रालय के अधीन कलकत्ता में एक फार्म भण्डार और बाह्य मुद्रण शाखा के अलावा 20 मुद्रणालय हैं ।

1-3-91 की स्थिति के अनुसार इन सभी मुद्रणालयों/शाखाओं में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या इस प्रकार है :—

श्रेणी	कार्यरत व्यक्ति
"क"	42
"ख"	133
"ग"	10389
"घ"	2223

(ख) जनवरी, 1984 में जारी किए गए सरकार के आदेशों के अनुसार तथा परिणाम-स्वरूप जिन पदों के लिये भर्ती कार्यवाही शुरू कर दी गई थी, के सिवाय आयोजना तथा आयोजना-भिन्न मौजूदा रिक्तियों तथा प्रचालन और गैर-प्रचलन पदों को भरा नहीं जाना था ।